हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला
प्रवेश परीक्षा अनुभाग

दिनांकः 4–5–2016

प्रेस नोट

सभी सम्बन्धित के सूचनार्थ यह अधिसूचित किया जाता है कि बी.एड. प्रवेश परीक्षा–2016 के शैड्यूल में प्रशासनिक आधार पर संशोधन किया गया है, जिसके फलस्वरूप अब उक्त प्रवेश परीक्षा 29 मई के बजाए 16 जून 2016 (वीरवार) को सुबह के सत्र में आयोजित की जायेगी । इसी दिन एम.एससी. जियोग्राफी (M.Sc. Geography) की प्रवेश परीक्षा की तिथि भी निर्धारित की गई, जो सायंकालीन सत्र में होगी । इसके दृष्टिगत जो अभ्यर्थी इन दोनों परीक्षाओं में उपस्थित होना चाहते हैं, वे अपने आवेदन–पत्र में उक्त दोनों परीक्षाओं के लिए एक ही परीक्षा केन्द्र अर्थात शिमला परीक्षा केन्द्र का नाम भरे और जिन अभ्यर्थियों ने पहले ही बी.एड. प्रवेश परीक्षा के आवेदन–पत्र में शिमला परीक्षा केन्द्र के बजाए दूसरे परीक्षा केन्द्रों के नाम भरे हैं, वे अपने परीक्षा केन्द्र में परिवर्तन करने हेतु अपना प्रार्थना–पत्र सहायक कुलसचिव (प्रवेश परीक्षा) हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला को दिनांक 20–5–2016 तक अवश्य भेजे दें, ताकि समय रहते उनके परीक्षा केन्द्र में परिवर्तन किया जा सके । इसके साथ इस प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाईन आवेदन करने की तिथि 12 मई से 20 मई, 2016 तक बढ़ा दी गई है और इस सम्बन्ध में जारी कया गया शुद्धि–पत्र संशोधित शैड्यूल (Annexure-A) सहित विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.hpuniv.in पर उपलब्ध हैं । किसी भी जानकारी के लिए अभ्यर्थी दूरभाष संख्याः 0177–2830891 तथा 0177–2833588 से सम्पर्क कर सकते हैं ।

(डा. जे. एस. नेगी)
परीक्षा नियन्त्रक

पृष्ठाकंन संख्याः एच.पी.यू.(बी.एड.)ई.टी./2016 दिनांकः 4–5–2016

प्रतिलिपिः–

1. जन–सम्पर्क अधिकारी, हि. प्र. वि. शिमला–5 को इस अनुरोध के साथ कि वे उक्त प्रैस नोट को अभ्यर्थियों के सूचनार्थ विभिन्न समाचार–पत्रों में दिनांक 5–5–2016 के अंक में विस्तृत प्रचार हेतु प्रकाशित करवाने के साथ–साथ आकाशवाणी एवं दूरदर्शन केन्द्र शिमला इत्यादि से भी प्रसारित करवाने की कृपा करें ।
2. अधिष्ठाता अध्ययन, हि.प्र.वि. शिमला–5 1
3. सचिव माननीय कुलपति, हि. प्र. वि. शिमला –5 ।
4. विभागाध्यक्षा, शिक्षा विभाग, हि. प्र. वि. शिमला–5 ।
5. वरिष्ठ निजी सचिव कुलचिव, हि. प्र. वि. शिमला–5।
6. निजी सचिव, परीक्षा नियन्त्रक, हि. प्र. वि. शिमला–5 ।
7. वेबमास्टर/प्रभारी, परीक्षा/बी.टैक. संगणक केन्द, हि.प्र.वि. शिमला को इस अनुरोध के साथ कि वे उक्त प्रेस नोट को अभ्यर्थियों के सूचनार्थ विश्वविद्यालय की वेबसाईट में अपलोड करें ।
8. सूचनापटट, हि. प्र. वि. शिमला –5 ।

परीक्षा नियन्त्रक